देहरादून, 31 जनवरी, 2021 दैनिक जागरण

एक से 14 फरवरी तक भूख हड़ताल पर रहेंगे डॉक्टर

मिक्सोपैथी के विरोध में आइएमए उत्तराखंड के डॉक्टर

जागरण संवाददाता, देहरादून : मिक्सोपैथी के विरोध में इंडियन मेडिकल ऐसोसिएशन (आइएमए) के आह्वान पर आइएमए से जुड़े उत्तराखंड के डॉक्टर अपनी ब्रांच में एक से 14 फरवरी तक प्रदेशव्यापी भूख हड़ताल पर रहेंगे।

शनिवार को चकराता रोड स्थित आइएमए ब्लड बैंक में पत्रकारों से वार्ता में आइएमए के राज्य सचिव डॉ. अजय खन्ना ने कहा कि सेव हेल्थकेयर इंडिया मूवमेंट के तहत एक से 14 फरवरी तक देहरादून और हल्द्वानी, जबकि अन्य ब्रांच में एक-एक दिन डॉक्टर भूख हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी डॉक्टर का एक साथ भूख हड़ताल में शामिल होने का निर्णय नहीं लिया गया है, इसलिए प्रत्येक ब्रांच में 10-10 डॉक्टर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक हड़ताल पर रहेंगे। इसके लिए संबंधित 26 ब्रांच के अध्यक्ष और सचिव को सूचित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार के उस फैसले का विरोध किया जा रहा है जिसमें आयुर्वेद डॉक्टरों को सर्जरी करने की इजाजत दी है।

चकराता रोड स्थित आइएमए हॉल में पत्रकारों से वार्ता करते आइएमए के राज्य सचिव डॉ. अजय खन्ना (दायें)। साथ में पूर्व सचिव डीडी चौधरी (बायें) • जागरण

सरकार अपने कमीशन के अनुसार मंगाती है उपकरण : डॉ चौधरी

इंडियन मेडिकल ऐसोसिएशन उत्तराखंड के पूर्व सचिव डीडी चौधरी ने कहा कि किसी भी उपकरण के लिए डॉक्टरों को नहीं पूछा जाता। सरकार को जिस पर सही कमीशन मिलता है, उसे मंगा लेती है। इससे संबंधित उपकरण कई बार ऐसे ही खराब पड़ जाते हैं।

आइएमए स्नातकोत्तर डिग्रीधारक आयुर्वेद चिकित्सकों को सामान्य सर्जरी की अनुमति देने से संबंधित सरकारी अधिसूचना का विरोध कर रहे हैं। सरकार को आदेश को वापस लेना चाहिए। इस मौके पर आइएमए उत्तराखंड के पूर्व सचिव डॉ. डीडी चौधरी,.डॉ. संजय उप्रेती मौजूद रहे।

सुबह ड्यूटी और शाम को निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टरों को भेजेंगे नोटिस: डॉ. अजय खन्ना ने बताया कि कुछ दिनों से सुबह ड्यूटी और शाम को खुद का क्लीनिक संचालित करने वाले कुछ डॉक्टरों की शिकायतें मिल रही हैं। जल्द ही उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।